राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

प्रदेश में शिक्षा के गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी प्रसार के संबंध में की चर्चा

राज्यपाल श्री मिश्र और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान की मुलाकात

जयपुर, 18 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान की सोमवार को नई दिल्ली में मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों ने प्रदेश में विश्वविद्यालयी शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण वृद्धि, नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन और युवाओं को शिक्षा के दौरान ही रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों से जोड़ने, कौशल विकास आदि विविध विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

राज्यपाल श्री मिश्र ने इस दौरान बताया कि राजस्थान के जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को कौशल विकास और रोजगार मार्गदर्शन के लिए राजभवन स्तर पर विशेष निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने अनुसूचित क्षेत्रों में युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए मार्गदर्शन सुविधाओं के विस्तार के लिए उठाए गए कदमों के बारे में भी जानकारी दी।

राज्यपाल ने राजस्थान के विश्वविद्यालयों में संविधान पार्क स्थापित करने और युवाओं को संविधान के प्रति जागरूक करने के प्रयासों के अंतर्गत राजभवन की पहल के बारे में भी बताया। मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री मिश्र और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेन्द्र प्रधान ने राजस्थान में सुदूर स्थानों पर उच्च शिक्षा प्रसार से जुड़ी चुनौतियों, नई शिक्षा नीति के व्यावहारिक क्रियान्वयन और शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण सुधार संबंधित विभिन्न मसलों पर भी चर्चा की।